६७ कुंतल अवैध पटाखे बरामद, एक गिरफ्तार

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, ४ नवम्बर। दीपावली त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने में जुटी पुलिस को मंगलवार देररात बड़ी कामयाबी मिली है। मुखबिर की सूचना पर जनपद की एण्टी थेफ्ट टीम और खोराबार पुलिस ने थाना क्षेत्र स्थित एक घर में छापेमारी करके अवैध रुप से एकत्र किये गये ६७ कुंतल पटाख बरामद किया है। पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के ही खोराबार कस्बा निवासी विजय कुमार जायसवाल पुत्र स्वर्गीय जगदीश नारायण जायसवाल के रुप में हुई है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ अवैध रूप से विस्फोटक पदार्थों के भंडारण और कारोबार से संबंधित मु०अ०स० ५३३/२०२६ धारा ५/९बी विस्फोटक अधिनियम व २८८ बीएनएस दर्ज करके उसे आज जेल भेज दिया। मोतीराम अड्डा प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार खोराबार पुलिस द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार की देररात लगभग २ बजे मुखबिर की सूचना पर एण्टी थेफ्ट सेल के निरीक्षक सुनील कुमार राय, खोराबार थाने पर तैनात एसआई कुसुमेन्द्र सिंह अपने सहयोगियों के साथ मुखबिर के बताये घर पर छापेमारी की। थानाध्यक्ष खोराबार ने बताया कि छापेमारी में पुलिस टीम ने बड़ी मात्रा में अवैध पटाखा बरामद किया, जिन्हें घर में ही अलग अलग कमरों में रखागया था। उन्होंने बताया कि लगभग ६७ कुन्तल पटाखा के जखीरा से कोई बड़ी घटना हो सकती थी। पुलिस ने मौके से आरोपी विजय कुमार जायसवाल उपरोक्त को गिरफ्तार कर पूछताछ करके उसे न्यायालय भेज दिया है।



♦ घर में बनाया था गोदाम, खोराबार पुलिस और एण्टी थेफ्ट टीम ने की कार्रवाई

पोखरे में मिला अधेड़ का शव

गोरखपुर, ४ नवम्बर। पिपराइच थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बा स्थित विजय चौराहे के समीप टैक्सी स्टैंड के पीछे बुधवार को पोखरे में एक अधेड़ का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पोखरे में शव मिलने की सूचना पर मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोखरे से बाहर निकलवाया। हमारे पिपराइच प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मृतक की पहचान क्षेत्र के ही बड़ेगांव वार्ड नंबर तीन निवासी केशव चौहान (५०) पुत्र स्वर्गीय रामबचन चौहान के रूप किया है। पुलिस की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि केशव बुधवार सुबह घर से मजदूरी करने के लिए निकले थे। मृतक का एक पुत्र नवीन (26) है। वहीं घटना के संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि केशव नशे का आदी था, जिससे उसकी पोखरे में डूबकर मौत हो गई।

त्योहारों को लेकर अधिकारियों की लगाई शिफ्टवार ड्यूटी

गोरखपुर, ४ नवम्बर। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया है कि धनतेरश, छोटी दीपावली, बड़ी दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज को सकुषल सम्पन्न करने के लिए क्षेत्रवार सुपर जोनल अधिकारी के साथ जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी शिफ्टवार लगाई गयी है। ये सभी अधिकारी कर्मचारी लक्ष्मी गणेश प्रतिमा स्थल, विसर्जन के समय जुलुस मार्गो, चौराहों तथा विसर्जन स्थल पर उपस्थित रहकर शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। जनपद के ग्रामीण उत्तरी क्षेत्र, ग्रामीण दक्षिणी क्षेत्र एवं नगर क्षेत्र की सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी क्रमशः अपर जिलाधिकारी प्रशासन वैभव शर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी हिमांशु वर्मा एवं अपर जिलाधिकारी नगर गजेन्द्र कुमार को सौपी गयी। ये अधिकारी अपने काउंटर पार्ट पुलिस अधिकारी क्रमशः पुलिस अधीक्षक उत्तरी, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी तथा पुलिस अधीक्षक नगर के साथ उपस्थित रहकर शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में मुख्य विसर्जन स्थल की जिम्मेदारी अपर जिलाधिकारी वि./रा. जय प्रकाश तथा पुलिस अधीक्षक अपराध को दी गयी है।

उन्होंने बताया है कि इन अधिकारियों के अधीन क्षेत्रवार 10 जोनल मजिस्ट्रेट, 36 सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गयी है। राजघाट विसर्जन स्थल की ओवरआल प्रभारी नगर मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव रहेंगे। उनके साथ शिफ्टवार अन्य मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये है। इन कार्मिको की ड्यूटी मूर्ति विसर्जन के दिन से विसर्जन के पूर्णतया समाप्ति तक यथावत शिफ्टवार प्रभावी रहेगी। उच्चाधिकारियों के आदेश प्राप्त करने एवं जनता से प्राप्त शिकायतों को त्वरित गति से उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाने हेतु अपर जिलाधिकारी नगर के कार्यालय में एक कन्ट्रोल रूम की स्थापना करके कर्मचारियों की षिफ्टवार ड्यूटी लगाई गयी है। कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 0551-2335430 है। कन्ट्रोल रूम में विसर्जन के तिथि से उसकी समाप्ति तक प्राप्त होने वाली सूचनाओं के अनुश्रवण के लिए भी कर्मचारियों की तैनाती की गयी है। उपरोक्त के अतिरिक्त विभिन्न अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी आरक्षित में लगाई गयी है जो आवष्यकता पड़ने पर ड्यूटी करेंगे। जिलाधिकारी ने बताया है कि नियुक्त समस्त मजिस्ट्रेटगण लक्ष्मी गणेश विसर्जन के पूर्व अभी से अपने अपने निर्धारित क्षेत्र/स्थल का भ्रमण करेंगे तथा जुलूस को सकुषल ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे।



पति, सास-ससुर ननद, नन्दोई को तीन साल की सजा

विधि संवाददाता

गोरखपुर, ४ नवम्बर। दहेज के लिए प्रताड़ित करने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेट मनीष कुमार ने संतकबीरनगर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के राउतपार निवासी अभियुक्त पति सुभाष यादव, सास रेशमा देवी, ससुर दूधनाथ, ननद पूजा व नन्दोई जगलाल यादव को तीन साल के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को दस हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को 20 दिन का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से मुकदमे की पैरवी संयुक्त निदेशक अभियोजन अमरेंद्र निरंजन के निर्देशन में सहायक अभियोजन अधिकारी अशोक पाल ने किया। उनका कहना था कि पीड़िता पूजा यादव का विवाह 19 नवंबर 2017 को अभियुक्त सुभाष यादव के साथ हुआ था। विदा होकर ससुराल जाने बाद से ही अभियुक्त और उसका पूरा परिवार पीड़िता को कम दहेज लाने का ताना मारते और प्रताड़ित करने लगे। अभियुक्तगण पीड़िता से अतिरिक्त दहेज में बुलेट गाड़ी की मांग करने लगे। असमर्थता जताने पर अभियुक्त का परिवार पीड़िता को मारता पीटता और अभियुक्त सुभाष आय दिन शराब पीकर पीड़िता को मारता पीटता और अप्राकृतिक संबंध बनाने की कोशिश करता। गोरखपुर दहेज हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार ने गोला थाना क्षेत्र के खिरकिटा दीगर निवासी अभियुक्त पति प्रदीप साहनी, ससुर रामलखन साहनी व सास बदामी देवी को दस साल के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को दस हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को सात माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र दूबे व नितिन मिश्र का कहना था कि वादी विजय बहादुर देवरिया जिले के रुद्रपुर थाना क्षेत्र के तिवई का निवासी है। उसने अपनी लड़की रिंकू का विवाह 19 मई 2014 को अभियुक्त प्रदीप के साथ किया था। शादी के बाद से ही अभियुक्त और उसका परिवार वादी की पुत्री को अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपए तथा सोने की चेन व अंगूठी की मांग को लेकर प्रताड़ित करते व मारते पीटते। रिंकू ने इस बात की जानकारी अपनी बहन व मौसी को जरिए फोन सूचना दी। जिसके बाद वादी 5 सितम्बर 2014 को बैंगलुरु से आया और बेटी के ससुराल गया। तब उसे पता चला कि अभियुक्तों ने मिलकर वादी की पुत्री रिंकू की हत्या कर लाश गायब कर दिए है और घर छोड कर भाग गए है।

पिता पुत्र पर लगाया मारपीट का आरोप

गोरखपुर, ४ नवम्बर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम औरंगाबाद निवासी दुर्गावती देवी पत्नी विजय उपाध्याय ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव की मनबढ़ किस्म के पिता पुत्र जबरन उनकी जमीन पर सरकारी नाली बनवाने का प्रयास कर रहे हैं जिसका विरोध करने पर उन्हें मारा-पीटा गया है।

सूचना-सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम कमला से बदलकर कमला शर्मा कर लिया है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **कमला शर्मा** पत्नी मनोज, ग्राम सेवई बाज़ार पोस्ट ककराखोर भवापार जिला गोरखपुर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम RAMDEV के स्थान पर RAJDEV रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **RAJDEV** पुत्र SATTAN निवासी ग्राम पुरैना पोस्ट श्याम्दयूरवा, थाना श्यामदेउरवा, जिला महराजगंज 273301

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम RIYAJUDDIN से बदलकर RIYAJUDDIN KHAN रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **RIYAJUDDIN KHAN** S/O JAMIL AHAMAD निवासी ग्राम राज मन्दिर खुर्द, पोस्ट सैलदाह उर्फ कवलदाह, थाना पुरंदरपुर, जिला महराजगंज 273162

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल (कक्षा 10) की मार्कशीट, जिसका विवरण नीचे दिया गया है, कहीं खो गई है। नाम-**अनुष्का पांडेय** (Anushka Pandey) पिता का नाम-पंकज कुमार पांडेय, रोल नंबर 1262415760, वर्ष 2026, जन्मतिथि 09/07/2010 बोर्डः उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज, यदि यह मार्कशीट किसी को मिले, तो कृपया नीचे दिए गए पते पर सूचित करने की कृपा करें। पता-बिजलीपुर, कटराशंकर नगर, पो- कटरा शंकर नगर, जिला-बलरामपुर, उत्तर प्रदेश, पिन - 271201

सूचना-सूचित किया जाता है कि मैंने अपना प्रदीप से बदलकर प्रदीप यादव कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **प्रदीप यादव** पुत्र भागीरथी, ग्राम तवक्कलपुर पोस्ट बेलवा बाज़ार जिला देवरिया।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SOYAB AHMAD KHAN से बदलकर MOHD SHOAIB रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **MOHD SHOAIB S/O ABDUL AZIZ KHAN** निवासी ग्राम सौरहा पोस्ट राजेडीहा, थाना बखिरा, जिला - सन्तकबीरनगर

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल वर्ष 2026 के अंकपत्र में जन्मतिथि 01-09-2012 दर्ज है, जो पूर्णतया गलत है। जबकि मेरे आधारकार्ड के अनुसार मेरी सही जन्मतिथि 01-09-2010 है। जो सही है। **प्रिंस साहनी** पुत्र रमेश, निवासी ग्राम खोखरी नवापार, कैंपियरगंज, जिला गोरखपुर।

सूचना-सूचित किया जाता है कि मैं चंद्रिका सिंह पुत्र चंद्रशेखर सिंह हूं और लोहिया एन्क्लेव फेज -2 आवासीय योजना, 1 बीएचके, टाइप -4 (जी+3), ब्लॉक नंबर -05, प्रथम तल फ्लैट नंबर - 203, जिला गोरखपुर में स्थित संपत्ति का मालिक हूं, जिसका मूल कब्जा पत्र दिनांक 24-06-2022, जो मूल रूप से **अनंत चौरसिया** पुत्र हनुमान प्रसाद चौरसिया के पक्ष में जारी किया गया था, कहीं खो गया है।

Notice-I hither to know as Rituraj yadav s/o RajdevyadavR/oGhati khas Deoria Uttar Pradesh274705 have changed my name and shall hearafter be known as **RITESH YADAV**

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2010 अनुक्रमांक 343-4049 का मूल प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। **कु. प्रीति** पुत्री राजकुमार, मेवातीपुर निकट जिला चिकित्सालय, गोरखपुर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड मे नाम 'संतोष' है जो बिल्कुल गलत है, जबकि मेरा सही नाम 'पुष्पा देवी' है, जो मेरे मतदाता पहचान पत्र में भी अंकित है। अतः मुझे **पुष्पा देवी** पत्नी सुरेंद्र मल्ल नाम से जाना व पहचाना जाए। पता - सरहबस बिकवा रुद्रपुर, देवरिया

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मन्जू देवी,पत्नी स्व.नागेन्द्र यादव है। पति स्व. नागेन्द्र यादव के जीवन वीमा में मेरा नाम अंजू देवी है दोनों मेरा ही नाम है। **मंजू देवी**, पत्नी स्व.नागेन्द्र यादव,ग्राम व पोस्ट-शाहपुर शुक्ल, जिला-देवरिया।

आवश्यकता है

कैलाश सिंह महिला महाविद्यालय बरडीहा परशुराम, लार, देवरिया उ0प्र0 में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत प्राचार्य की आवश्यकता है। विवरण निम्न प्रकार है :-
प्राचार्य - 1 पद
योग्यता- दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर एवं यू0जी0सी0 नई दिल्ली के मानकानुसार होना आवश्यक है। इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी 21 दिनों के अन्दर अपना आवेदन महाविद्यालय में भेजना सुनिश्चित करें। **प्रबंधक**
श्रीमती कमोद सिंह
मो0-9415544069, 8115751956

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2024 अनुक्रमांक 1242804289 का मूल प्रमाणपत्र सह-अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **पूर्णिमा** पुत्री प्रहलाद, ग्राम-जंगल जरलहा उर्फ तेन्दुअहिया, पोस्ट-बैदा बाजार, जिला-महराजगंज (उ.प्र.)।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष 2017 अनुक्रमांक 4128017 का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र वास्तव मे खो गया है। **जितेन्द्र तिवारी** पुत्र ओमप्रकाश तिवारी ग्राम-सोनबरसा, पोस्ट-भैसहीं बाजार, जनपद- कुशीनगर (उत्तर प्रदेश)।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ABDUL RAHIIM ASHRAFI से बदलकर ABDUL RAHIM रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **ABDUL RAHIM** पुत्र ZAINUL AABDEEN ग्राम और पोस्ट-लालगंज जिला बस्ती

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम त्यागी यादव था जिसे बदलकर मैंने बीरेंद्र यादव कर लिया है। अब यह नाम मेरे आधार कार्ड सहित सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों में दर्ज है। **बीरेंद्र यादव** पुत्र सर्वजीत इंजी. नियरिंग कॉलेज गेट महादेव झारखंडी-1,वार्ड 18 गोरखपुर 273010

सूचना-सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सरजू से बदलकर सरजू राजभर कर लिया है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **सरजू राजभर** पुत्र राजू राजभर, ग्राम हरका घुरमल पोस्ट सरया जिला कुशीनगर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2022 अनुक्रमांक 22271626339 का मूल प्रमाणपत्र सह-अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **पूजा विश्वकर्मा** पुत्री श्री राममोहन विश्वकर्मा, ग्राम व पोस्ट-टिकरिया, जिला-गोरखपुर (उ.प्र.)।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम RANJEET SINGH से बदलकर RANJEET SINGH YADAV रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **RANJEET SINGH YADAV** पुत्र BHAGWAT ग्राम गोडसरा, पो० कुर्दा, जिला बस्ती

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम VINOD KUMAR SAHNI से बदलकर VINOD NISHAD रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **VINOD NISHAD** S/O SUKKHOO SAHNI निवासी ग्राम ढोढया पोस्ट व थाना बखिरा, जिला - सन्तकबीरनगर 272199

अदालती नोटिस

(बदस्त अवाम फरोख्त के लिए)
इत्तिलानामा बनाम रेस्पान्डेन्ट बावत इत्तिला (तारीख मुकर्रर समाअत अपील)
बअदालत-अपर आयुक्त प्रशासन (तृतीय), गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर अपील सं. ष्ट-202505000001322
रविन्द्र बनाम मतुरनी देवी
बनाम-2. सूर्य नाराय, 3. अनीश, 4. मुन्ना पुत्रगण गेमा, 5. श्रीकान्त पुत्र ठगई, 6. धर्मनाथ पुत्र जगरूप, 7. आनन्द पुत्र राजनाथ, 8. बिरजू पुत्र राजनाथ, 9. हरिश्चन्द्र पुत्र राजनाथ, 10. हरि पुत्र प्रेम, 11. अवधेश पुत्र प्रेम, 12. भोला पुत्र प्रेम, 13. संतोष पुत्र श्रीकिशुन, 14. पूजा कुमारी पुत्री श्रीप्रकाश। निवासीगण मौजा कोला, तप्पा बरसीपार, परगना स.म., तहसील सलेमपुर, जिला-देवरिया। **रेस्पा. प्रथम पक्ष**

इत्तिला हो कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमे में मुसम्मी ने तारीख 05 महीना 11 सन् 2026ई. को समाअत इस अपील के मुकर्रर की है। अगर खुद आपके वकील या और कोई सख्श जो कानूनन आपकी तरफ से अपीलहाजा सवाल जवाब करने की मरजी रखता हो हाजिर न हो जायेगा तो उसकी समाअत और तजबीज आपकी गैरहाजिरी में एकतरफा की जायेगी।

आज तारीख 03 महीना 11 सन् 2026ई. को मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के हवाले किया गया।
ह. अपर आयुक्त प्रशासन (तृतीय, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SANDEEP से बदल कर SANDEEP YADAV कर लिया है।अब हमको इसी नाम से जाना और पहचाना जाय। **SANDEEP YADAV S/O** ओमप्रकाश निवासी ठूठीबारी, किशुनपुर, निचलौल, जिला महराजगंज 273304

सूचना-मैं **सुरेंद्र कुमार** पुत्र कोदई लाल, निवासी - मो० तुर्कमानपुर, थाना राजघाट, जिला गोरखपुर, हाल मुकाम महिंद्रा शोरूम के पीछे, गैस गोदाम के पास, नौसढ़, गोरखपुर का निवासी हूं। मैंने अपने लड़के साहिल कुशवाहा को बहुत दुखी मन से (उसके गलत चाल चलन व अपराधिक कृत्य के कारण) अपने परिवार से सभी रिश्ता उसका खत्म करता हूं। उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके किसी कृत्य का हमसे या हमारे परिवार से कोई लेना-देना नहीं रहेगा।

अदालती नोटिस

वाद निपटारे का सम्मन
न्यायालय-सिविल जज (जू.डि.) कक्ष सं.-10
जिला-देवरिया
वाद सं.-1115/2026
बाबूलाल सिंह बनाम बिहारी लाल गुप्ता
बनाम-1. बिहारी लाल गुप्ता पुत्र स्व. राजेन्द्र, 2. सुभावती देवी पत्नी बिहारी लाल गुप्ता, 3. विकास गुप्ता, 4. विवेक गुप्ता पुत्रगण बिहारी लाल गुप्ता, 5. दिव्या गुप्ता, 6. नेहा गुप्ता, 7. सोनी गुप्ता पुत्रीगण बिहारी लाल गुप्ता निवासी ग्राम-मैरवा, पोस्ट-मैरवा व थाना-मैरवा, जिला-सिवान (बिहार), हाल मुकाम चकिया, तहसील भाटपार रानी, जिला-देवरिया। (**प्रतिवादीगण**)

चूंकि वादी ने आपके खिलाफ वाद संसयिक किया है अतएव आपको एतद्द्वारा आहूत किया जाता है कि आप या तो स्वयं ऐसे अधिवक्ता द्वारा जो सम्यक रूपेण अनुदिष्ट है और वाद साहब के प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है दिनांक 6-11-2026 को 10.00 बजे आहूत में दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसंजात के दिवस दिन के अंतिम निपटारे के लिए नियुक्त किया गया है। अतः आपको उस दिन अपने उन सब दस्तावेजों का जिनका अग्नि परीक्षा के सम्बन्ध में सहारा देने का आश्रय रखते हों पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए। आपको सूचना दी जाती है कि पूर्ण दिवस पर आपको संजात में चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय को मुहर सहित आज 23-10-2026 दिवस को निकाली गयी है।
ह. मुंसरिम
मोहर न्यायालय

CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(Formerly Known as Kanpur University Kanpur - 208024)
Ref.No.:CSJMU/Purchase/104/2026 Date : 04.11.2026
जेम-निविदा सूचना
एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा Deployment, Operation, Maintenance and Management of One Smart Bus-based Primary Healthcare Unit हेतु GeM Bid No. GEM/2026/B/8222183 दिनांक 02.11.2026 को जेम पोर्टल पर प्रकाशित की गई है। उक्त निविदा की अंतिम तिथि 12.11.2026 सायं 05:00 बजे तक है। विस्तृत निविदा दस्तावेज, शर्तें एवं संशोधन GeM Portal-https://gem.gov.in/ पर उपलब्ध होंगे। कुलसचिव

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली निविदा नोटिस का द्वितीय, तृतीय संशोधन
खुली निविदा सूचना सं. EPC-PSI-UTR-MWP-NER दिनांकः 18-11-2026, कार्य का नामः ईपीसी मोड पर विद्युत कर्षण बिजली आपूर्ति प्रतिष्ठानों की क्षमता उन्नयन कार्य के लिए उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के उत्रैटिया-महारानी पश्चिम खंड में 2x25 kV AT कर्षण फीडिंग सिस्टम के लिए संबंधित स्विचिंग पोस्ट के साथ कर्षण उप स्टेशनों का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य में निम्नलिखित संशोधन किये गये हैः-
क्रम सं.-1, मापदंडः RFP, प्री-बिड क्वेरी का जवाब और अनूपगंज SSP लोकेशन प्लान, पहले प्रकाशितः --, **संशोधितः** नया RFP, प्री-बिड क्वेरी का जवाब और SSP लोकेशन प्लान दस्तावेज अपलोड कर दिए गए हैं। **क्रम सं.-2,** मापदंडः EPC टेंडर के दस्तावेज में नया पैराग्राफ जोड़ा गया है।, पहले प्रकाशितः --, **संशोधितः** संबंधित बदलावों के संबंध में नया दस्तावेज अपलोड किया गया है।
अतिरिक्त सूचना रेलवे की वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर चेक की जा सकती है।
मुख्य विद्युत अभियन्ता (परियोजना),
मुजाधि/विद्युत-251 लखनऊ
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें

अधिशासी अभियन्ता, उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड, निर्माण प्रखण्ड, गोरखपुर प्रथम, न्यू श्याम विहार कालोनी, गोरखपुर Email id: gorakhpurprakhand@gmail.com

ई-निविदा सूचना

उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ लि., जनपद-गोरखपुर में निम्नांकित कार्य के निर्माण हेतु http://etender.up.nic.in के माध्यम से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। इस सम्बन्ध में पूर्ण विवरण संस्था की वेबसाइट www.uprnss.org पर भी उपलब्ध है।

क्रम संख्या	नोटिस सं. एवं दिनांक	निविदा अपलोड करने की तिथि	जनपद का नाम	कार्य का विवरण	निविदा की लागत
1.	543/UPRNSS/S.E./E-TENDER/2026-27/ dated 04-11-2026	07.11.2026	गोरखपुर	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ब्रह्मपुर में सुधार-विस्तार एवं नवीनीकरण सम्बन्धी कार्य।	रु. 65.17 लाख
2.	544/UPRNSS/S.E./E-TENDER/2026-27/ dated 04-11-2026	07.11.2026	गोरखपुर	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उरूवा में सुधार-विस्तार एवं नवीनीकरण सम्बन्धी कार्य।	रु. 65.22 लाख
3.	545/UPRNSS/S.E./E-TENDER/2026-27/ dated 04-11-2026	07.11.2026	गोरखपुर	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गोला में सुधार-विस्तार एवं नवीनीकरण सम्बन्धी कार्य।	रु. 85.87 लाख
4.	546/UPRNSS/S.E./E-TENDER/2026-27/ dated 04-11-2026	07.11.2026	गोरखपुर	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गगहा में सुधार-विस्तार एवं नवीनीकरण सम्बन्धी कार्य।	रु. 93.26 लाख
5.	547/UPRNSS/S.E./E-TENDER/2026-27/ dated 04-11-2026	07.11.2026	गोरखपुर	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पिपराइच में सुधार-विस्तार एवं नवीनीकरण सम्बन्धी कार्य।	रु. 92.02 लाख
6.	548/UPRNSS/S.E./E-TENDER/2026-27/ dated 04-11-2026	07.11.2026	गोरखपुर	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सहजनवां में सुधार-विस्तार एवं नवीनीकरण सम्बन्धी कार्य।	रु. 51.95 लाख
7.	712/UPRNSS/S.E./E-TENDER/2026-27/ dated 04-11-2026	07.11.2026	गोरखपुर	मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के मुख्य भवन में सुधार-विस्तार एवं नवीनीकरण सम्बन्धी कार्य।	रु. 32.44 लाख
8.	713/UPRNSS/S.E./E-TENDER/2026-27/ dated 04-11-2026	07.11.2026	गोरखपुर	मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के वाहन चालकों हेतु शेड का निर्माण कार्य।	रु. 11.35 लाख

अधिशासी अभियन्ता
यूपीआरएनएसएस, मिर्माण प्रखण्ड
गोरखपुर प्रथम, गोरखपुर
पत्रांकः /711/नि./ई-टेण्डर/2026-27 दिनांक 04.11.2026

कार्यालय उपनिदेशक (वि./यॉं.)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद उ.प्र.
नवीन गल्ला मण्डी स्थल महेवा चुंगी, गोरखपुर-273016
ई-मेल-ddemgrkhpur2016@gmail.com

ई-निविदा सूचना

विद्युत/यांत्रिक संबंधी कार्यों की ई-निविदायें टू बिड सिस्टम(तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अलग-अलग) दिनांक 27-11-2026 को आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य की ई-निविदा वित्तीय रुप से सुदृढ़/ मण्डी परिषद में पंजीकृत एवं मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त अन्य सरकारी विभाग PWD,RED, UPRNN तथा UPPCL में विद्युतीकरण कार्य हेतु पंजीकृत फर्मो से भी कार्यक्षमता निर्धारण हेतु लोक निर्माण विभाग में दी गयी व्यवस्था के अंतर्गत ई-निविदा टू बिड सिस्टम (Technical Bid & Financial Bid) के माध्यम से दिनांक 27-11-2026 अपराह्न 11.30 बजे आमंत्रित की जाती है। निविदाएं ई-टेण्डर के माध्यम से आनलाईन कार्यालय उपनिदेशक (वि./यां.) गोरखपुर में खोली जायेगी। उक्त निविदा दिनांक 05-11-2026 से दिनांक 26-11-2026 तक वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। ई-निविदा हेतु धरोहर धनराशि का मूल्य उपनिदेशक (वि./यां.) के स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा महेवा मण्डी (फल मण्डी) के खाते सं. 34137674020 आई.एफ.सी. कोड सं. SBIN0015118 एवं निविदा का मूल्य (जी.एस.टी. सहित) खाता सं. 34137671507 आई.एफ.सी. कोड सं. SBIN0015118 उपनिदेशक वि./यॉं. मण्डी परिषद गोरखपुर के नाम आर.टी.जी.एस. /NEFT करना होगा। निविदादाता को दिनांक 27-11-2026 अपराह्न 11.00 बजे तक समस्त बिड डाक्यूमेंट एवं समस्त आवश्यक प्रपत्र सहित कार्यालय उपनिदेशक (वि./यां.) राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, नवीन फल एवं सब्जी मण्डी स्थल महेवा चुंगी गोरखपुर में जमा करना अनिवार्य होगा।

क. सं.	कार्य का नाम	कार्य की लागत (रु. लाख में)	निविदा का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रु. में)	धरोहर धनराशि (रु.लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	पंजीकृत ठेकेदारों की श्रेणी
1	उप मण्डी स्थल तरकुलवा (देवरिया) में 01 नग 16 मी. ऊंचा हाईमास्ट एसेसरीज सहित की आपूर्ति/स्थापना आदि के कार्य। Tender ID- 2026 RKUMP_1205198_1	4.21	1000.00	0.43	04 माह	स श्रेणी

नोटः- टेण्डर डाक्यूमेंट वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 05-11-2026 से दिनांक 26-11-2026 अपराह्न 5.00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। निविदा शर्तें वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
उप निदेशक (वि./यॉं.)
मण्डी परिषद,गोरखपुर
पत्रांक-वि./यॉं.-(निविदा)/2026-154 दिनांक 04-11-2026

पूर्वोत्तर रेलवे
एम-यूटीएस हेतु ई-निविदा
(यह निविदा सूचना नौकरी के लिए नही है)
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से लखनऊ मण्डल के "NSG-1, 2 &3" कटेगरी के स्टेशन पर बोनस के आधार पर M-UTS टिकट प्रणाली द्वारा अनारक्षित टिकट वितरण हेतु एमयूटीएस सहायक के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

क्र० सं०	कटेगरी	निविदा सं०	स्टेशन	नियुक्ति किये जाने हेतु सहायको की संख्या
1	NSG-1	05-2026	गोरखपुर	15
2	NSG-3	06-2026	गोण्डा	08
3	NSG-2	07-2026	लखनऊ	06
4	NSG-3	08-2026	बस्ती	06

• बेवसाईट पर ई-निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय दि०-26.11.2026 को 15:00 बजे तक है। यह ई-निविदा दि०-26.11.2026 को 15:00 बजे के बाद खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश दिनांक-26.11.2026 को अवकाश घोषित हो जाता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। • इस निविदा हेतु मैनुअल माध्यम से कोई निविदा/आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई निविदा प्राप्त होती है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। • अर्नेस्ट मनी की राशि का भुगतान केवल IREPS पॉर्टल पर उपलब्ध माध्यम ऑनलाईन पेमेण्ट विधि (नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि) के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे-डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। • विज्ञप्ति सूचना एंव निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा, नियम व शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** (E-tendering module) पर उपलब्ध है। • आवेदनकर्ता केवल अपनी ही DSC का प्रयोग करके IREPS पॉर्टल पर आवेदन कर सकते है किसी दूसरे की DSC का प्रयोग करने पर आपका आवेदन स्वीकार नहीं होगा।
सहायक वाणिज्य प्रबन्धक
मुजाधि/वाणिज्य-184 लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

अखिलेश चन्द द्वारा ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंकरोड, गोरखपुर से मुद्रित एवं ज्ञानमण्डल लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंक रोड गोरखपुर से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय व्यवस्थापक : अखिलेश चन्द

वाराणसी	:	सन्त कबीर मार्ग
प्रयागराज	:	३, लीडर रोड
कानपुर	:	बांसमण्डी
लखनऊ	:	१, जापलिंग रोड
आगरा	:	महात्मा गांधी रोड
बरेली	:	रोड नं.-३, परसाखेड़ा
पटना	:	फ्रेजर रोड
रांची	:	नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया
जमशेदपुर	:	कालीमाटी रोड

पंजीयन संख्या-आर.एन. ३८७१०/८१
दूरभाष : २२०१८७६
फैक्स : २३३१२१२
e-mail-aj_gorakhpur@yahoo.com
ajgorakhpur@gmail.com

पी.आर.बी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद गोरखपुर न्यायालय के अधीन होगा।

पाठकों से
'**आज**' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा '**आज**' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबंधक